**समापन** | अभियान के अंतर्गत पैदल जागरूकता रैली और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई

# मैराथन दौड़ के साथ जन-जागरूकता अभियान का समापन



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश पुलिस के तत्वावधान में 15 जुलाई 2026 से 30 जुलाई 2026 तक संचालित राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' का समापन आज 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी, जबलपुर में उत्साहपूर्वक आयोजित मैराथन दौड़ के साथ हुआ। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन में अभियान के दौरान नशे के दुष्प्रभावों एवं मादक पदार्थों के क्रय, विक्रय, सेवन तथा लत के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत पैदल जागरूकता रैली, मैराथन दौड़, वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिताएँ, स्लोगन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएँ, चित्रकला प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला निर्माण, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, ब्रास बैंड की आकर्षक प्रस्तुति, लघु फिल्म का प्रदर्शन तथा स्कूलों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी व्यापक स्तर पर जनसंदेश प्रसारित किए गए। समापन अवसर पर आयोजित मैराथन दौड़ रांझी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होकर वाहिनी के परेड ग्राउंड पर संपन्न हुई। दौड़ में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थी आरक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया।

### नशामुक्ति पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है : चौधरी

सेनानी सिद्धार्थ चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल पुलिस का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। अभियान के माध्यम से 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी, जबलपुर ने जनभागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए समाज में नशे के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया, जिसे आमजन का व्यापक सहयोग एवं सकारात्मक प्रतिसाद प्राप्त हुआ।



# वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक लगाएगा श्रवण जांच शिविर

**नवभारत, जबलपुर।** वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वर्गीय डॉ. कैलाश नाथ मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर 1 एवं 2 अगस्त को दो दिवसीय नि:शुल्क श्रवण क्षमता जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श शिविर का शुभारंभ किया जा रहा है। क्लिनिक की डायरेक्टर डॉ. सोनल मेहरा ने प्रेस वार्ता में बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य शिशुओं, बच्चों, युवाओं, वयस्कों एवं वरिष्ठ नागरिकों की श्रवण समस्याओं की समय पर पहचान कर उचित परामर्श, उपचार व पुनर्वास प्रदान करना है। डॉ. मेहरा ने स्पष्ट किया कि समय पर श्रवण जाँच से सुनने की क्षमता सुरक्षित रहती है और भविष्य की गंभीर समस्याओं से बचाव संभव है।

### अत्याधुनिक उपकरणों से होगा सटीक श्रवण परीक्षण

इस दौरान चीफ ऑडियोलॉजिस्ट विशाल मेहरा ने बताया कि उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा साउंड-प्रूफ चैम्बर में अत्याधुनिक इंटेराकौसटिक्स एसी-40ई ऑडियोमीटर, एमआई-24 इम्पीडेंस ऑडियोमीटर, आईएचएस एआरआईए बीईआरए, टिनिटस सिस्टम, टिनिटस स्टेशन तथा रियल इयर मेजरमेंट आरईएम तकनीकों से परीक्षण किया जाएगा। इन वैज्ञानिक उपकरणों से मिडिल व इनर ईयर का सटीक मूल्यांकन कर आवश्यकतानुसार उपचार और परामर्श मिलेगा। विशाल मेहरा के अनुसार कम सुनने से व्यक्ति बातचीत में कठिनाई, सामाजिक अलगाव, आत्मविश्वास में कमी, एंग्जायटी, अकेलापन व अवसाद का सामना करने लगता है, जिसका उचित समाधान होने पर वह पुन: सक्रिय सामाजिक जीवन जी सकता है। शिविर में विशेष रियायती दरों पर ब्लूटूथ तकनीक युक्त डिजिटल रिचार्जेबल हियरिंग एड्स उपलब्ध रहेंगी जो मोबाइल व टेलीविजन से सीधे जुड़कर स्पष्ट ध्वनि देती हैं और क्वालिटी ऑफ लाइफ सुधारती हैं। डॉ. सोनल मेहरा ने बताया कि क्लिनिक की एडवांस्ड वर्टिगो एवं टिनिटस लैब में चक्कर व कानों में आवाज़ आने की समस्या का भी इलाज होता है। शिविर में चीफ ऑडियोलॉजिस्ट विशाल मेहरा के साथ ऑडियोलॉजिस्ट मेधा साहू, आयुष दुबे, अनूप द्विवेदी, शिवम जोशी, सियाराम पाल एवं सुमन राज सेवाएं देंगे।बेहतर परामर्श के लिए नागरिकों से पूर्व रिपोर्ट लाने और प्री रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की गई है।

## एक नजर में



### बीच सड़क मुसीबत बना जानलेवा गड्ढा

**नवभारत, भुआ बिछिया।** नेशनल हाईवे 30 पर जबलपुर से रायपुर जाने वाले व्यस्त मार्ग में भुआ बिछिया नगर के करीब बंजारी के पास सड़क ने जवाब दे दिया है। यहां हाईवे के बीचों-बीच लगभग 4 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा गड्ढा बन गया है। इस गड्ढे की वजह से न सिर्फ यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि हर गुजरने वाला वाहन चालक अपनी जान हथेली पर रखकर निकल, शुक्रवार सुबह 9:30 बजे रायपुर से जबलपुर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी एल 8236 कि चालक उधम सिंह पटेल ने बताया की रास्ते में ड्राइवर साइड अचानक रोड धस गई और टायर फूट गया फूटते ही ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया, कोयले से भरा ट्रक पलटने से दोनों तरफ बिखर गया।

**घंटों लगा रहा जाम** - कोयले से भरे ट्रक के पलटने के बाद कोयला दोनों तरफ रास्ते पर बिखर गया जिसकी सूचना थाना बिछिया में दी गई थाना प्रभारी के आने एवं पुलिस के भारी मशक्कत के बाद डेढ़ घंटे बाद रास्ता खोला गया, हाईवे के बीचो-बीच अचानक से 4/4 का गड्ढा होना सड़क निर्माण एजेंसी के घटिया निर्माण को प्रदर्शित कर रहा है, समाचार लिखे जाने तक गड्ढे की भराई नहीं की गई है, जो की एक बड़े जनहानि का संदेश दे रही है।

### अवैध अनाज खरीद-फरोख्त का आरोप

**चिल्हारी नवभारत 30 जुलाई।** मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में इन दिनों कथित रूप से अवैध अनाज खरीद-फरोख्त का कारोबार खुलेआम संचालित होने के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव और आसपास के क्षेत्रों से किसानों का अनाज बिना वैधानिक मंडी प्रक्रिया के खरीदा जा रहा है और बाद में उसे अन्य स्थानों पर ले जाकर अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। इससे शासन को मंडी शुल्क के रूप में मिलने वाले राजस्व का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिदिन बड़ी मात्रा में अनाज की खरीद-बिक्री होने के बावजूद संबंधित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। यदि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो मंडी बोर्ड को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व नुकसान का मामला सामने आ सकता है।



# सूने मकान से लाखों की चोरी करने वाले गिरफ्तार

**नैनपुर।** जिले के थाना नैनपुर पुलिस ने एक सूने मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक युवक और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा एसडीओपी मनीष राज के मार्गदर्शन में की गई।

शिकायतकर्ता अनंत कुमार वैष्णव निवासी वार्ड क्रमांक 15, नैनपुर ने 6 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे परिवार सहित विवाह समारोह में बाहर गए थे। इसी दौरान उनके सूने मकान के पिछले दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोरों ने करीब 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 2 लाख 25 हजार रुपये नकद पार कर दिए थे। जानकारी के अनुसार अपराधी बहुत समय से गुनहा के दलदल में फंसा है इसलिए इस करतूत को उसने अंजाम दिया।

# संभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की संयुक्त संचालक ने की समीक्षा

**विभागीय योजनाओं को समय-सीमा में पूरा करने के दिए कड़े निर्देश**



**नवभारत, जबलपुर।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग, जबलपुर घनश्याम सोनी की अध्यक्षता में शासकीय पं. लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में जिला शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 1 से 12 तक नामांकन, नवीन प्रवेश, ट्रांजिशन, ड्रॉपआउट बच्चों के पुन: दाखिले और शत-प्रतिशत नामांकन की कार्ययोजना की बिंदुवार समीक्षा की गई। संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान विद्यालयीन स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी शैक्षणिक वातावरण और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

### सभी पात्र विद्यार्थियों के बनेंगे अपार आईडी

बैठक में शेष छात्र-छात्राओं के अपार आईडी निर्माण की प्रगति का परीक्षण कर शत-प्रतिशत आईडी बनाने के निर्देश दिए गए। इस समीक्षा सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर गौतम बर्वे, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी), जनपद शिक्षा केन्द्रों के एमआईएस समन्वयक, सहायक यंत्री और प्राचार्यों सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्माण कार्यों में लापरवाही नहीं होगी स्वीकार

बैठक में नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक व साइकिल वितरण की स्थिति, पोर्टल प्रविष्टियों, समग्र तथा एमपीटीएएस छात्रवृत्ति के लंबित मामलों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। इस दौरान संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी ने पीएम श्री एवं समग्र शिक्षा अभियान के स्वीकृत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर बल देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके साथ ही शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति प्रक्रिया के लिए वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक की गोपनीय चरित्रावलियों की मूल प्रतियां समय पर जमा करने के निर्देश दिए गए। अकादमिक स्तर सुधारने के लिए स्टूडेंट डाटा रजिस्टर, डेली डायरी, मासिक व त्रैमासिक परीक्षाओं की तैयारियों और नियमित शैक्षणिक मॉनिटरिंग को आवश्यक बताया गया।

### अधिकारी लंबित प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण

अधिकारियों को रिट याचिकाओं, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के 50 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों, शिक्षा पोर्टल की समस्याओं और ऑनलाइन सेवा पुस्तिका को तुरंत अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में इको क्लब व मिशन लाइफ के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता तथा कदम संस्था के गैरिसन ग्राउंड कार्यक्रम की चर्चा की गई। कदम संस्था के संस्थापक योगेश गनोरे ने उपस्थित होकर शहर में 2 लाख बीजारोपण के लिए सहयोग का आह्वान किया। अंत में संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी ने सामूहिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए विकासखंड स्तर पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।



# कर्मचारियों को योग्यता के अनुसार पदोन्नति देने की उठी मांग

**नवभारत, जबलपुर।** कार्यभारित स्थापना में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित स्थापना के कर्मचारियों के समान पदोन्नति, अवकाश नगदीकरण, वाहन चालकों को वाहन तथा वाहन हेल्परों को योग्यता के अनुसार कार्य का प्रभार देने का माँग पत्र जबलपुर संभागीय आयुक्त के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया है।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए इस ज्ञापन में डिप्लोमा करने वाले पात्र कर्मचारियों को उपयंत्री के पद का प्रभार देने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। पूर्व में अनेक कार्यभारित स्थापना के कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर उपयंत्री, मानचित्रकार, लिपिक के पद पर पदोन्नत किया जा चुका है। वहीं माली, वाहन चालक, वाहन हेल्पर, खानसामा, पंप अटेंडेंट, मिस्त्री, चौकीदार को भी विभागों में पदोन्नति दी जा चुकी है।

### नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं दी जाएं

कार्यभारित स्थापना के समयपाल, चौकीदार, माली, वाहन चालक, वाहन हेल्पर, खानसामा, पंप अटेंडेंट, मिस्त्री, स्वीपर को नियमित कर्मचारियों के समान वेतन, मंहगाई भत्ता, शासकीय आवासों का आवंटन, चिकित्सा सुविधा, जीपीएफ कटौती और अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जाता है। नियमित कर्मचारियों के समान कोषालय से सभी कर्मचारियों को मासिक वेतन प्राप्त होता है। कार्यभारित स्थापना के रूप में पदस्थ कुछ स्थल सहायक व चौकीदार इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पार्ट टाइम डिप्लोमा कर चुके हैं, जिन्हें योग्यता के आधार पर उपयंत्री के पद पर पदोन्नत किया जाना चाहिए लेकिन इन्हें किसी भी पद पर पदोन्नत नहीं किया जा रहा है। योग्यता के आधार पर डिप्लोमा करने वाले इन कर्मचारियों को उपयंत्री के पद पर पदोन्नत कर या अस्थाई रूप से उपयंत्री का प्रभार देकर विभाग और शासन हित में कार्य लिया जा सकता है। संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, सचिव देवेंद्र पचौरी, कोषाध्यक्ष आलोक अग्निहोत्री, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, इन्द्रप्रताप यादव, संध्या पाठक, राजू मस्के, बिपिन शर्मा, राजा राम डहरिया, प्रशांत तिवारी, कमल सिंह सैयाम, बृजेश मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी, मनोज गौतम, डॉ. संदीप नेमा एवं योगेन्द्र मिश्रा ने समस्त कार्यभारित स्थापना के कर्मचारियों को नियमित स्थापना के कर्मचारियों के समान पदोन्नति का लाभ देने एवं योग्यता के आधार पर उपयंत्री के पद का प्रभार देने की मांग की है।

# धमकी देने वाला बदमाश गया जेल



**नैनपुर।** थाना नैनपुर पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 350/2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 119(1) एवं 351(3) के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

प्रकरण में प्रार्थिया शंकरी बाई (उम्र 58 वर्ष), निवासी ग्राम बंधा, थाना नैनपुर, जिला मंडला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 जुलाई को शाम लगभग 6:00 बजे खेत से घर लौटने पर उनके बड़े पुत्र नीरज ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। मना करने पर आरोपी ने अश्लील गालियां देते हुए लकड़ी के डंडे से उनके सिर एवं हाथ पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव के दौरान आरोपी वहां से चला गया, लेकिन बाद में पुन: जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना नैनपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान थाना नैनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नैनपुर मंशाराम वगेन, सहायक उप निरीक्षक जगदीश सेयाम एवं थाना नैनपुर पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**प्रथम निविदा सूचना**

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/444 Date : 29/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_525076_1<br>Date-31/07/2026 | पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड में शासकीय आदिवासी छात्रावास से लगा नाला निर्माण कार्य। | 03 माह<br>₹ 13.34 लाख | 2000/-<br>10007/- | 31/08/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट में पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय नगर परिषद् पाटन जिला-जबलपुर (म.प्र.)

फोन नं. – 07621-220435 ईमेल – cmopatan@mpurban.gov.in

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि | क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2026_UAD_525435_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1084/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 06 में धीरेन्द्र सिंह ठाकुर के मकान से तीर्थेश जैन के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 03 माह, 17,93,556/– | 2,000/– 13,500/– | 01–09–2026 | 1 |
| 2026_UAD_525436_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1084/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 07 में पीपल के पास से राजेश मिश्रा के मकान होते हुये लक्ष्मी नारायण मंदिर गेट तक मुन्ना शर्मा के मकान तक सी सी सड़क निर्माण कार्य | 03 माह, 17,83,449/– | 2,000/– 13,400/– | 01–09–2026 | 2 |
| 2026_UAD_525437_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1084/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 06 मिलन सिंघई के मकान से कपूरचंद जैन के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 03 माह, 11,77,050/– | 2,000/– 8,900/– | 01–09–2026 | 3 |
| 2026_UAD_525438_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1084/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 01 लक्ष्छू लोधी के मकान से राजेश प्यासी के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 03 माह, 10,35,531/– | 2,000/– 7,800/– | 01–09–2026 | 4 |
| 2026_UAD_525439_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1086/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 07 में पुलिया से मुन्ना शर्मा के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 03 माह, 9,54,624/– | 2,000/– 9,600/– | 17–08–2026 | 5 |
| 2026_UAD_525440_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1086/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 08 में सुदामाबाई के मकान से विष्णुदत्त त्रिपाठी के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 03 माह, 8,81,668/– | 2,000/– 8,900/– | 17–08–2026 | 6 |
| 2026_UAD_525441_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1086/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 12 में कब्रिस्तान से नाला (पुलिया) तक सी .सी. सड़क निर्माण कार्य | 03 माह, 8,54,592/– | 2,000/– 8,600/– | 17–08–2026 | 7 |
| 2026_UAD_525442_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1086/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 05 अमृत लाल सोनी के मकान से नाग तालाब की मेढ़ तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 03 माह, 5,35,721/– | 2,000/– 5,400/– | 17–08–2026 | 8 |
| 2026_UAD_525443_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1086/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 13 में अन्नी लाल के मकान से मुस्ताक खान के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 02 माह, 3,92,350/– | 2,000/– 4,000/– | 17–08–2026 | 9 |
| 2026_UAD_525444_1 दि. 30-07-2026 NIT No. 1086/PWD/NP/2026 | वार्ड क्र. 09 एवं 10 में विजय राठौर के मकान के बाजू से पुलिया तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 02 माह, 2,22,743/– | 2,000/– 2,300/– | 17–08–2026 | 10 |

शर्त – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**आचार्य जगेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष, नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर

**श्रीमती जयश्री चौहान**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पाटन जिलाजबलपुर